आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 08.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के तहत आज जयपुर में माईन्स और पैट्रोलियम इन्वेस्टर्स प्री समिट आयोजित हो रही है। जयपुर जिला इन्वेस्टर मीट का भी आज ही आयोजन।
- विधानसभा उपचुनाव वाले 7 क्षेत्रों के लिए मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित–25 नवम्बर से गतिविधियां शुरू होगी।
- उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व आज सम्पन्न हुआ –विभिन्न घाटों और जलाशयों पर श्रद्धालुओं ने उपासना की।
- छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है।

..........................

प्रदेश में दिसम्बर में होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के तहत आज जयपुर में माईन्स और पैट्रोलियम इन्वेस्टर्स प्री समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश के एमओयू प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट से पहले रोड़ शो और अन्य आयोजनों में खान और पेट्रोलियम सेक्टर में निवेश के 77 हजार 721 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इस बीच जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की इन्वेस्टर्स मीट का भी आज जयपुर में ही आयोजन हो रहा है। ये कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा। हमारे जयपुर ग्रामीण संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में निवेशको के साथ किये जाने वाले समझौतो से 2 लाख 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

..........................

केकड़ी में भी आज जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट हो रही है। इसमें तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाने है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी तथा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी शिरकत करेंगे।

..........................

प्रदेश में उपचुनाव वाले 7 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रकिया के बाद मतदाता सूचियों में संशोधन का काम शुरू होगा। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2025 की तारीख घोषित कर दी हैं। इन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की गतिविधियां 25 नवम्बर से शुरू होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 1 जनवरी को पात्रता के लिए निर्धारित तिथि मानते हुए एकीकृत मतदाता सूचियां तैयार की जाएंगी। इससे पहले सूचियों का प्रकाशन 27 नवम्बर को होगा। प्रकाशित सूचियों पर 12 दिसम्बर तक दावे–आपत्तियां प्राप्त कर 24 दिसम्बर तक उनका निस्तारण किया जाएगा। श्री महाजन ने बताया कि इन मतदाता सूचियों के अपडेशन के लिए विशेष शिविर 30 नवम्बर और 8 दिसम्बर को लगाये जायेंगे। इन विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन भी प्रदेश के 193 अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूचियों के साथ 6 जनवरी, 2025 को ही होगा।

..........................

प्रदेश में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर सातों विधानसभा क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन सतर्क है। आचार संहिता के मद्देनजर अब तक 45 अवैध पिस्तौल, 25 कारतूस, 63 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 46 धारदार हथियार बरामद किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव वाले क्षेत्रों में 34 अन्तःराज्य और 15 अंतर्राज्यीय पुलिस नाकों सहित कुल 49 स्थानों पर निगरानी की जा रही है। 58 उड़न दस्ते और 58 स्थैतिक टीमों सहित कुल 116 सतर्कता दल भी सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सातों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक कहीं से भी चुनावी हिंसा या अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्पीड़न से जुडी कोई सूचना या शिकायत

नहीं मिली है। इस बीच प्रत्याशियों और उनकी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रचार के लिये पूरी ताकत झोकी जा रही है। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज देवली में पार्टी प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल भी उपस्थित रहेंगे। आज ही सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार–प्रसार करेंगे। वहीं रामगढ से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कल कई जगह जनसभाएं की।

..........................

चार दिवसीय छठ पूजा समारोह आज सुबह देश के विभिन्न हिस्सों में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों के तटों पर सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य दिया। इसके अलावा, लोगों ने झीलों, जलाशयों और अस्थायी रूप से छतों पर जल संग्रह कर छठ पर्व मनाया। प्रदेश में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ घाटों पर पानी में खडे होकर श्रद्धालुओं ने सूर्य देव और छठ मैया की अराधना की। गलता घाट पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई। इसके अलावा जयपुर के 200 से अधिक स्थानों पर छठ श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किये गये। पूजा सम्पन्न होने के बाद आतिशबाजी भी की गई।

..........................

हनुमानगढ़ में महिला और पुरूषो ने सूर्य देव की अराधना कर विभिन्न पकवानों फल और मिठाईयों का भोग लगाया। भरतपुर में भी गुड़ की खीर और नये चुल्हे पर रोटी पकाकर मान्यतानुसार पूजा की गई। वहीं पाली में लाखोटिया स्थित घाट पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन किया। इससे पहले कल शाम कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला छठ पूजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील होने की प्रेरणा देता है।

..........................

रेलवे छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए आज 164 विशेष गाडियां चलाई जा रही है। जबकि कल 160, 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 गाडियां संचालित की जाएंगी। रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक कुल 7 हजार सात सौ 24 विशेष रेलगाडियां चलाने का फैसला किया है। जबकि पिछले साल चार हजार चार सौ 29 विशेष गाडियां चलाई गई थीं। इस बार त्योहारी सीजन के दौरान 4 हजार 521 ट्रेनों से करीब 65 लाख यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया गया। यात्रियों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है। इधर उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से आज कई विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें दौंड –अजमेर स्पेशल, हरिद्वार–भगत की कोठी गोरखपुर–जोधपुर, वलसाड–जोधपुर, हैदराबाद–जयपुर, जनकपुर –दोराई, साबरमती–हरिद्वार, बेंगलुरु–भगत की कोठी और बरौनी–हिसार शामिल है। कल और परसो भी उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से विशेष ट्रने चलाई जायेगी।

..........................